कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com  www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–8, अगस्त 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## विकास और विस्तार की नई बुलंदी पर कामधेनु



> "बड़े सपने जब सच्ची लगन और कड़ी मेहनत का साथ पा लेते हैं तो हर सफलता हासिल की जा सकती है।"

कामधेनु इस्पात लि0 आज भारतीय बाज़ार में टीएमटी सरिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक है जिसका भारत भर में मज़बूत डीलर नेटवर्क मौजूद है। कामधेनु की सफलता जहाँ एक ओर कामधेनु उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता और इसके बेहतर बाज़ार प्रबंधन की निशानी है, वहीं उद्योगजगत के कई जानकार कामधेनु के फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल को भी कंपनी के तेज विस्तार की एक बड़ी वज़ह मानते हैं।

फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के तहत कंपनी, ब्राण्ड कामधेनु की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को सुनिश्चित रखते हुये देश के कई राज्यों में लाइसेंस के अंतर्गत निर्माता कंपनियों से कामधेनु टीएमटी सरियों का उत्पादन करवा रही है। देश भर में निर्माण क्षेत्र के विस्तार और बेहतर निर्माण सामग्री की माँग में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी का उत्पादन और आपूर्ति करते हुये कंपनी राष्ट्रनिर्माण को गति तो दे ही रही है, साथ ही उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत पर बेहतर सरिया उपलब्ध कराने में योगदान दे रही है।

कामधेनु इस्पात लि0 का फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल कंपनी के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल की व्यावसायिक कुशलता और बाज़ार की समझ का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस्पात उद्योग के उत्पादन तथा व्यावसाय की 25 वर्षों से भी अधिक के समृद्ध अनुभव और विशेषज्ञता ने श्री सुनील अग्रवाल को भारतीय निर्माण क्षेत्र की नब्ज से वाकिफ करा दिया है। फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल से संबंधित कंपनी की नीतियों, निर्णय और निरंतर विस्तार के पीछे श्री सुनील अग्रवाल का प्रभावी मार्गदर्शन रहा है।

कंपनी के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने कामधेनु के बिजनेस मॉडल के बारे में बताते हुये कहा कि, ''कामधेनु ने टीएमटी सरियों के क्षेत्र में कॉन्सेप्ट ब्रैण्डिंग की शुरूआत की और आज कंपनी का फ्रैंचाइजी मॉडल भारतीय बाज़ार में एक जबरदस्त मुक़ाम हासिल कर चुका है। ऐसा इसीलिये हुआ क्योंकि संभावनाओं का संपूर्ण उपयोग कामधेनु की सोच में शामिल है। कंपनी का फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल दरअसल भारत भर में मौजूद उद्योगपतियों की व्यावसायिक क्षमता और प्रबंधन कुशलता को ब्राण्ड कामधेनु से जोड़ कर उन्हें टॉप तक ले जाने की मुहिम है।''

स्थापना से आज तक लगातार आगे बढ़ रहे कामधेनु ग्रुप की सफलता के कारणों पर रोशनी डालते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, ''हम भारतीय बाज़ार में कई नई और सफल शुरूआत करने में सक्षम रहे हैं, क्योकि हम हमेशा सीखने और सुनने के लिये तैयार रहते हैं। बेहतर बाज़ार पहुँच के अपने लक्ष्य को पाने के लिये हम सभी पूरे कमिटमेंट तथा लगन से काम करते हैं। कामधेनु बड़े गर्व के साथ खुद को एग्रेसिव मार्केटिंग करने वाली कंपनी मानती है। हमेशा ऊँची सोच और ऊपर जाने की इसी चाह ने कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति और संस्था को लगातार तरक्की के अवसर दिये हैं। और इसीलिये कामधेनु ग्रुप विश्वस्तरीय बिजनेस इथिक्स का पालन करते हुये एक परिवार की तरह जुड़ी है।''

ब्राण्ड कामधेनु की सफलता एवं कामधेनु टीएमटी सरिये की बढ़ती माँग के अनुसार कई निर्माता कंपनियाँ अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही हैं, वहीं कुछ राज्यों में नयी कंपनियों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया भी चल रही है। विकास और विस्तार की नई बुलंदी की ओर कामधेनु का कारवाँ लगातार बढ़ रहा है। आने वाले सालों में कामधेनु का इस्पात डिवीजन उत्पादन और बिक्री को लगभग दुगुना करने की तैयारी में है। वर्तमान उत्पादों जैसे कि Fe-415, Fe-500, Fe-550, 415D और 500D के साथ–साथ कंपनी ने फ्रैंचाइजी मॉडल के तहत कंपनी के नये प्रीमियम उत्पाद Kamdhenu SS 10000 का उत्पादन पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश में शुरू कर दिया है, और जल्द ही पूरे भारत में इसके विस्तार की योजना है।

# स्वाधीनता दिवस पर सुखद संदेश



आज़ादी का पर्व मनाते हुये लालकि़ले पर झंडा फहराने के बाद इस वर्ष नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री जी ने अपना ऐतिहासिक संबोधन देश के सामने रखा। श्री मोदी के भाषण के दौरान जनहित की कई योजनाओं की घोषणा की गई। देश के हर परिवार को बैंक खाता, डेबिट कार्ड एवं एक लाख रू0 की बीमा उपलब्ध कराने के लिये प्रधानमंत्री जन–धन योजना की घोषणा हुई। गॉव, घर और विद्यालयों की स्वच्छता पर खास जोर देते हुये श्री मोदी ने 2019 तक भारत को गंदगीमुक्त करने का लक्ष्य रखा। देश की बदली हुई जरूरत के मद्देनज़र प्रधानमंत्री जी ने योजना आयोग की जगह नई संस्था के गठन की योजना पेश की।

प्रधानमंत्री के भाषण में आम आदमी की रोजमर्रा की ज़िंदगी के मुद्दों जैसे कि बेटी की हिफाजत, रोजगार, सेहत, सफाई आदि की चर्चा रही। यह भाषण कई मायनों में भाषण न लगकर जनता के साथ संवाद जैसा था। इस भाषण में जहॉ विदेशी निवेश के लिये आमंत्रण था वहीं डिजिटल इंडिया का सपना भी था।

लालकि़ले की प्राचीर से श्री मोदी का पहला भाषण कई अर्थों में परंपराओं को बदलने वाला साबित हुआ। पिछले कई दशकों से परंपरा बन चुकी बुलेटप्रूफ कॉच की दीवार को प्रधानमंत्री ने हटवा दिया। खुद को प्रधानमंत्री की जगह प्रधानसेवक बताते हुये प्रधानमंत्री के लिये जनता ने सराहना के रूप में जमकर तालियॉं बजाई। वहीं श्री मोदी भी भाषण की समाप्ति के बाद परंपराओं को तोड़ते हुये वहॉं मौजूद स्कूली बच्चों से मिलने जा पहुंचे।

# आइएनएस कोलकाता राष्ट्र को समर्पित



भारत में ही निर्मित देश के सबसे बड़े युद्धपोत आइएनएस कोलकाता को 16 अगस्त को राष्ट्र को समर्पित कर दिया गया। मडगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में निर्मित इस युद्धपोत का डिजायन नौसेना डिजायन ब्यूरो ने तैयार किया है। 6,800 टन का आइएनएस कोलकाता, युद्धपोत प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में भारत की क्षमता का बेहतरीन उदाहरण है और इसके निर्माण के साथ ही हमारे देश ने सामरिक आत्मनिर्भरता की ओर एक और महत्वपूर्ण क़दम बढ़ा लिया है।

रक्षामंत्री श्री अरूण जेटली व नौसेना प्रमुख एडमिरल आर के धवन की मौजूदगी में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आइएनएस कोलकाता को देश को समर्पित करते हुये कहा, "सैन्यशक्ति युद्ध का सर्वश्रेष्ठ प्रतिरोधक है। जब हम सक्षम होंगे, कोई हमें चुनौती देने का साहस नहीं कर सकता है।"

विशाल तटीय क्षेत्र होने के कारण भारत को, न सिर्फ सुरक्षा की दृष्टि से बल्कि वाणिज्य और वैश्विक कारोबार के लिये भी, अपनी युद्धपोत निर्माण क्षमता को विकसित करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत प्रयासरत है और स्वदेश में निर्मित आइएनएस कोच्चि तथा आइएनएस चेन्नई भी जल्द ही नौसेना में शामिल हो जायेंगे।

# बिहार डीलरों ने बाली मे मचाई धूम



देश की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी में से एक कामधेनु इस्पात लि0 ने बिहार में अपना मज़बूत डीलर नेटवर्क स्थापित किया है। तेजी से विकास कर रहे बिहार राज्य में निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है, जिसके फलस्वरूप निर्माण सामग्री का बाज़ार भी बढ़ रहा है। बिहार में कामधेनु एक जाना–पहचाना ब्रैण्ड है जिसे उपभोक्ताओं का भरपूर भरोसा और प्यार मिल रहा है।

बिहार के नवादा, नालंदा, शेखपुरा और पटना के कुछ भाग के इस्पात डीलरों के लिये बिहारशरीफ के कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स ए के इंटरप्राइजेज ने बाली की सैर का आयोजन किया। दुनिया के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक बाली द्वीप अपनी अनोखी संस्कृति और सुंदर दृश्यों के लिये जाना जाता है। बाली की 30 लाख की आबादी में मुख्यत: हिन्दू और बौद्ध लोग शामिल हैं। मान्यता है कि भारत और बाली का संबंध रामायण काल से ही है।

श्री महान चंद्र स्रास्वती के नेतृत्व में 28 मई से 3 जून के बीच संपन्न इस 5 दिन की बाली यात्रा में कुल 15 डीलर शामिल हुये। मनोरम समुद्र तट, सीढ़ीदार हरे–भरे खेतों से सजे पहाड़ और चारो ओर बिखरी सुंदरता के बीच, बाली में सब लोगों ने यादगार समय बिताया।



# कामधेनु डीलरों ने की थाइलैंड की सैर

कामधेनु इस्पात लि० उपभोक्ताओं की पसंदीदा ब्राण्ड बन चुका है। उच्च गुणवत्ता के कामधेनु उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने काम करता है कामधेनु डीलरों का देशव्यापी मज़बूत नेटवर्क, जिन्हें कंपनी अपने सिद्धांतों के अनुसार हमेशा से विकास के लिये महत्वपूर्ण सहयोगी मानती है। डीलरों के प्रयासों की सराहना कर पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कंपनी नियमित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों के लिये प्रोत्साहन योजना लेकर आती है। ऐसे प्रोत्साहन डीलरों को प्रेरित कर कंपनी के बाज़ार नेटवर्क में नई ऊर्जा भरने का काम करते हैं।

हाल ही में कंपनी ने पंजाब के बेस्ट परफार्मिंग इस्पात डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिये थाइलैंड की सैर का आयोजन किया। 23 से 29 जुलाई के बीच आयोजित इस मजेदार 4 रात–5 दिन की थाइलैंड यात्रा पर पंजाब के 38 डीलरों को जाने का मौका दिया गया। इस यात्रा के दौरान डीलरों की टीम ने थाइलैंड की राजधानी बैंकाक और समुद्रतटीय शहर पट्टाया में छुट्टियों का आनंद लिया। कामधेनु इस्पात लि० के सी० मैनेजर ब्रैण्ड प्रमोशन, श्री चंदन गोस्वामी ने इस टीम का नेतृत्व किया।

डीलरों ने प्राइवेट स्पीड बोट में कोरल आइलैंड की सैर की और पट्टाया में दुनिया के सबसे बड़े गहने और रत्न के केन्द्र जेम्स गैलरी घुमने गये। बैंकाक शहर का नज़ारा भी सभी डीलरों को खूब भाया।

सैर पर गये इस्पात डीलरों ने अपने परिवार और अन्य साथियों के साथ पट्टाया और बैंकाक की खूबसूरत जगहों पर बड़ा ही अच्छा समय बिताया। डीलरों को प्रोत्साहित करने और कंपनी के साथ उनके संबंध को और अधिक मज़बूती देने के अपने मकसद में यह सैर पूरी तरह सफल रही।

# स्टील लौन्ग प्रोडक्ट समिट में कामधेनु




भारत में टीएमटी सरियों की अग्रणी निर्माता कंपनियों में से एक, कामधेनु इस्पात लि० भारतीय निर्माण सेक्टर का एक सम्मानित नाम है। देश भर के उपभोक्ता व निर्माण क्षेत्र की अन्य कंपनियाँ कामधेनु उत्पादों को भरोसे से देखते हैं। कंपनी के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल प्रतिष्ठित व्यक्तित्व तथा स्टील लौंग प्रोडक्ट के बड़े विशेषज्ञ हैं। स्वाभाविक तौर से 18 जुलाई को नई दिल्ली के शांग्रीलाज़–इरोस होटल में आयोजित स्टील लौन्ग प्रोडक्ट समिट 2014 में श्री सुनील अग्रवाल एक सम्मानीय अतिथि के तौर पर आमंत्रित किये गये। डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल के साथ श्री दिलीप मेहरा, सी० जीएम बिजनेस डेवलपमेंट, श्री विवेक माहेश्वरी, एजीएम बिजनेस डेवलपमेंट, श्री अमित सोनी, एजीएम ब्रैण्ड प्रमोशन एवं श्री चंदन गोस्वामी सी० मैनेजर ब्रैण्ड प्रमोशन समेत कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुये।

उद्घाटन सत्र में शिरकत करते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने पुराने दौर से आज के समय तक निर्माण क्षेत्र से जुड़े बाज़ार की स्थिति में आये बदलावों पर अपना महत्वपूर्ण अनुभव बाँटा। साथ ही साथ उन्होंने भविष्य में निर्माण क्षेत्र में स्टील लौन्ग प्रोडक्ट से संबंधित बारीक जानकारियाँ दी।

श्री सुनील अग्रवाल ने भारत में विकास की विशाल संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुये निर्माण की गुणवत्ता तथा गति को बेहतर करने के लिये आधुनिक तकनीक की आवश्यकता को रेखांकित किया। सेक्टर के "बड़े प्लेयरों" को तकनीकी आधुनिकीकरण तथा शोध में अधिक संसाधन लगााने के लिये प्रोत्साहित करने की राह सुझाते हुये श्री अग्रवाल ने कहा, "बाज़ार के सभी घटको को गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्ध करने की जरूरत है, साथ ही उपभोक्ताओं में भी गुणवत्ता को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत है, जिससे इनोवेशन एवं बेहतर समाधान के लिये बाज़ार में प्रीमियम कीमत पाना सहज हो सके।"




श्री सीता राम अग्रवाल
**मैसर्स श्री काली हार्डवेयर स्टोर**
एम.जी. रोड,
कटिहार
मो. – 0645–2244120

श्री राजकुमार बिद्युत
**मैसर्स मोना चौक**
छपरा
बिहार
मो. – 09970850050

श्री अजय गुप्ता
**मैसर्स मां लक्ष्मी स्टोर**
रमेश चौक
औरंगाबाद
मो. – 09931944924

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.08.2014





# हरियाणा में कामधेनु पेंट की रौनक

भारत में सबसे तेज गति से बढ़ रही सजावटी पेंट कंपनी, कामधेनु पेंट्स ने हरियाणा में अच्छी छाप छोड़ी है। तेजी से हो रहे निर्माण कार्य के कारण आज यह राज्य एक बड़ा पेंट बाज़ार बन गया है और यहाँ अपनी बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने में कामधेनु पेंट्स को लगातार सफलता मिल रही है। हरियाणा के डीलरों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य में बाज़ार रणनीति को और भी बेहतर करने के उद्देश्य से 28 जुलाई को गुड़गाँव के होटल फॉर्चून पार्क ऑरेंज, सिधारवली में एक शानदार डीलर मीट का आयोजन किया गया।

हरियाणा डिपो के इस पहले डीलर मीट में राज्य भर के सभी डीलरो को आमंत्रित किया गया। हरियाणा के हर कोने से करीब 150 पेंट डीलरों ने मीट में उत्साह के साथ भागिदारी की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य डीलरों में मेसर्स वृंदावन मार्केटिंग, हिसार, मेसर्स धरम चंद प्रदीप कुमार, लोहारू, मेसर्स श्री गणेश मार्बल, भिवानी और मेसर्स प्रदीप पेंट स्टोर, भिवानी आदि शामिल हुये।

श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री कमल शर्मा, मार्केटिंग हेड वेस्ट यूपी, उत्तराखण्ड व हरियाणा, श्री दीपांकर शर्मा, मार्केटिंग हेड हरियाणा, श्री पुनित चौधरी, डीजीएम सेल्स, श्री लवजीत सिंह, मैनेजर ब्रैण्ड प्रमोशन एवं श्री नितिन गोस्वामी, एक्सीक्यूटिव ब्रैण्ड प्रमोशन सहित कंपनी की हरियाणा सेल्स टीम के कई अधिकारी आमंत्रित डीलरों का साथ कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

बैठक के बाद सभी डीलरों को भिवाड़ी स्थित कामधेनु पेंट्स की फैक्ट्री दिखाने व घुमाने का खास इंतजाम किया गया। इस सफल मीट का समापन करते हुये श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों को सहयोग के लिये धन्यवाद दिया।

# पंजाब की पसंद बनी कामधेनु पेंट

भारत में सजावटी पेंट के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु पेंट विभिन्न बाज़ारों में लगातार अपने पैर जमाते हुये महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाब रही है। कामधेनु पेंट अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है और उपभोक्ताओं तक पहुँच और बाज़ार में पैठ बनाने में अपने डीलरों की भूमिका की सराहना करती रही है। साथ ही समय–समय पर कंपनी की सेल्स व मार्केटिंग डीवीजन, कामधेनु पेंट उत्पादों की माँग को गति देने के लिये डीलरों के साथ बैठक का आयोजन करती है।

इसी दिशा में 3 अगस्त 2014 को जालंधर–फगवारा हाइवे पर स्थित होटल कब्बाना रिसोर्ट एण्ड स्पा में आयोजित शानदार डीलर मीट में पंजाब के कोन– कोने से आये हुये 150 डीलर शामिल हुये। इस खास मीट में लुधियाना डिपो से मेसर्स ज़िंदल इन्टरप्राइजेज, निहालसिंहवाला, मेसर्स दीप दयाल अजय कुमार, मोगा, मेसर्स दीप हार्डवेयर, लुधियाना और मेसर्स बंसल पेंट्स, मुक्तसर सहित कई टॉप डीलर शामिल हुए। वहीं जालंधर डिपो से शामिल होने वाले प्रमुख डीलरों में शुमार थे, मेसर्स अग्रवाल हार्डवेयर एण्ड पेंट स्टोर, गुरदासपुर, मेसर्स सैनी हार्डवेयर एण्ड पेंट स्टोर, टान्डा, मेसर्स पंजाब बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर, टिब्बा और मेसर्स भुलावल सीमेंट कॉरपोरेशन, भुलावल आदि।

इस कार्यक्रम में श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री विजय अस्थाना, डीजीएम सेल्स, श्री भावेश शर्मा, ब्रांच हेड लुधियाना डिपो, श्री विक्रम सिंह,




ब्रांच हेड जालंधर डिपो, श्री लवजीत सिंह, मैनेजर ब्रैण्ड प्रमोशन एवं श्री नितिन गोस्वामी, एक्सीक्यूटिव ब्रैण्ड प्रमोशन सहित कामधेनु के कई अधिकारी पूरे समय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने पंजाब के डीलरों का उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि, ''आज राज्य में कामधेनु पेंट को लगातार मिल रही सफलता में आप सबका योगदान है।''




Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092